>

Title: Need to set up a Regional Post Office and a Divisional Post Office in Katihar district, Bihar.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): ज्ञातव्य हो कि बिहार राज्य के बिहार के विभाजन से पूर्व सर्किल कार्यालय (डाक) बिहार में दो क्षेत्रीय डाक कार्यालय हुआ करते थे-एक मुजफ्फरपुर एवं दूसरा रांची । परंतु बिहार विभाजन के बाद बिहार में एक ही क्षेत्रीय कार्यालय रह गया जो मुजफ्फरपुर में अवस्थित है । एक क्षेत्रीय कार्यालय से उत्तरी बिहार के सभी डाकघरों का संचालन एवं नियंत्रण सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है । खासकर सीमांचल क्षेत्र जैसे -कटिहार, पूर्णिया, अररिया, फारबिसगंज, किशनगंज जो 20,000 वर्ग किलो मीटर में फैला हुआ है । इस क्षेत्र में डाक सेवा का सुचारू रूप से संचालन एवं नियंत्रण के लिए कटिहार को क्षेत्रीय कार्यालय बनवाया जाना अति आवश्यक है । ज्ञातव्य हो कि बिहार राज्य के अंदर कटिहार जिला, किशनगंज जिला एवं अररिया जिला जो कि पूर्णतः सीमांचल क्षेत्र में हे, को छोड़ अन्य लगभग सभी जिलों में डाक प्रमंडल कार्यालय अवस्थित है । सन् 1925 में पूर्णियां को डाक प्रमंडल कार्यालय बनाया गया । पूर्णियां डाक प्रमंडल के अधीन कटिहार, पूर्णिया, अररिया एवं किशनगंज जिला समाहित है । 87 वर्ष के अंतराल में डाक क्षेत्र में काफी परिवर्तन हुआ परंतु डाक के क्षेत्र मे कटिहार, अररिया एवं किशनगंज जिला उसी अवस्था में है । कटिहार में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे का मंडल कार्यालय, दूरसंचार का महाप्रबंधक कार्यालय है । मेरी मांग है कि सीमांचल क्षेत्र एवं उत्तरी बिहार डाक सेवा का सुचारू रूप से संचालन एवं नियंत्रण हेतु प्रधान डाकघर कटिहार में क्षेत्रीय कार्यालय के साथ-साथ डाक प्रमंडल कार्यालय की स्थापना की जाये ।